BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

ब्रैम्पटन, आर्थिक सशिक्तकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद के बारे में चर्चा करने के लिए कैनेडा में अपनी पहली आभासी कॉन्फरेंस आयोजित कर रहा है

इन मुद्दों पर ध्यान देने के लिए सिटी, म्युनिसिपल्टीज के राष्ट्रीय गठबंधन के निर्माण का नेतृत्व कर रही है।

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (10 नवंबर, 2020) – मंगलवार, 10 नवंबर को, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कैनेडा में ब्लैक समुदायों के लिए, आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद पर ध्यान देने वाली, म्युनिसिपल्टीज का राष्ट्रीय गठबंधन बनाकर, अपनी पहली आभासी (वर्चुअल) आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद कॉन्फरेंस आयोजित कर रही है।

एक दिन की आभासी कॉन्फरेंस, पूरे ओनटैरियो की कई म्युनिसिपल्टीज, ब्लैक समुदाय के प्रमुखों और प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगी, जिनमें शामिल हैं, एंटी-जातिवाद के लिए जिम्मेदार सॉलिस्टर जनरल और मंत्री, सिल्विया जोन्स (Sylvia Jones) और कैनेडा सरकार के एंटी-जातिवाद सचिवालय के डायरेक्टर, पीटर फ्लेजल (Peter Flegel)। साथ मिलकर, म्युनिसिपल के प्रतिनिधि, ब्लैक लोगों के लिए रुकावटों को दूर करने के लिए कार्यनीतियों पर चर्चा करेंगे। इस कॉन्फरेंस को निम्नलिखित संगठनों द्वारा, गर्व से सहयोग दिया गया है:

- रीजन ऑफ दुर्हम (Region of Durham)
- सिटी ऑफ हैमिल्टन (City of Hamilton)
- सिटी ऑफ मर्खम (City of Markham)
- सिटी ऑफ लंदन (City of London)
- रीजन ऑफ पील (Region of Peel)
- टाउन ऑफ शेल्बर्न (Town of Shelburne)
- सिटी ऑफ टोरोंटो (City of Toronto)
- सिटी ऑफ वॉन (City of Vaughan)
- एसोसिएशन ऑफ म्युनिसिपल्टीज ओनटैरियो (Association of Municipalities Ontario)
- फेडरेशन ऑफ कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज (Federation of Canadian Municipalities)
- नेटवर्क फॉर द एडवांसमेंट ऑफ ब्लैक कम्युनिटीज (Network for the Advancement of Black Communities)

चर्चा इस पर केंद्रित होगी कि ब्लैक जातिवाद को खत्म करने के लिए और एंटी-ब्लैक संसाधनों तक पहुंच के लिए, सहयोगपूर्ण और सूचनाप्रद प्लेटफार्म विकसित करने के लिए काम कैसे शुरू किया जाए, जिसका लक्ष्य ऐसी मज़बूत साझेदारियों का निर्माण करना हो, जो जानकारी साझा करने और भविष्य की पहलकदमियों का बढ़ाने वाली हों। यह कॉन्फरेंस, पूरे कैनेडा में ब्लैक समुदायों में आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद पर ध्यान देने वाली, म्युनिसिपल्टीज का राष्ट्रीय गठबंधन बनाने में पहला कदम है।

यह कॉन्फरेंस उन दो कॉन्फरेंसेज में से एक है, जो सिटी इस वर्ष आयोजित कर रही है। दूसरी कॉन्फरेंस, दिसम्बर में होगी और आर्थिक सशक्तिकरण पर केंद्रित होगी।

एंटी-ब्लैक जातिवाद पर, ब्रैम्पटन की पहलकदमियों और ब्लैक अफ्रीकी और कैरेबियन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई के बारे में brampton.ca/antiblackracism पर और जानें।

ब्रैम्पटन की ब्लैक अफ्रीकी और कैरेबियन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई के बारे में

10 जून, 2020 को, सिटी काउंसिल (City Council) ने ब्लैक अफ्रीकी और कैरेबियन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई को मंज़ूरी दी थी। सीनियर एडवाइजर, गविनेथ चैपमैन (Gwyneth Chapman) के नेतृत्व में, इकाई ब्रैम्पटन में प्रणालीगत जातिवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कार्य योजना भी विकसित और लागू करने के लिए जिम्मेदार है। ब्रैम्पटन के लोकल सामुदायिक स्टेकहोल्डर्स द्वारा निर्देशित, इस इकाई का काम, ब्रैम्पटन के ब्लैक समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने पर केंद्रित होगा।

सिटी द्वारा एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई विकसित करने के बारे में अधिक जानने के लिए या इसमें शामिल होने के लिए अपनी रुचि प्रकट करने के लिए, कृपया सिटी को economicantiblackracism@brampton.ca पर संपर्क करें।

हवाले

“ब्रैम्पटन एक मोजैक है और हमें विविधता और भागीदारी वाले शहर में होने पर गर्व है। इस गर्मी के शुरू में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल ने, ब्लैक अफ्रीकी और कैरेबियन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण और एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई को मंज़ूरी दी थी। यह कॉन्फरेंस उन दो कॉन्फरेंसेज में से एक है, जो ब्रैम्पटन इस वर्ष आयोजित कर रहा है। मुझे पता है कि यह हम सभी के लिए विचार साझे करने के लिए सुरक्षित जगह और संसाधनों तक पहुंच हेतु सभी के लिए एक सहयोगपूर्ण और सूचनात्मक प्लेटफार्म प्रदान करेगी। यह कार्यक्रम, ब्रैम्पटन में और पूरे देश में ब्लैक समुदाय के विरुद्ध जातिवाद को समझने और इसे दूर करने में काम करने के लिए महत्वपूर्ण है।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“यह कॉन्फरेंस, एंटी-ब्लैक जातिवाद पर ध्यान देने और वास्तविक बदलाव के लिए उत्साहित करने पर काम करते हुए, पूरे प्रांत में म्युनिसिपल प्रतिनिधियों को साथ लाएगी, जो विविधता और भागीदारी में माहिर हैं। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, इस तरह की पहली कॉन्फरेंस को संभव बनाने में मदद के लिए अपने साझेदारों का धन्यवाद करती है।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमारे इतिहास ने प्रणालीगत रुकावटें पैदा की हैं, जो ब्लैक लोगों को समाज के सभी हिस्सों में पूरी तरह से शामिल होने से रोकती हैं। सिटी ऑफ टोरोंटो, एक अंतरदृष्टि वाली प्रस्तुति के साथ इस कॉन्फरेंस की शुरुआत करेगा, जो एंटी-ब्लैक जातिवाद इकाई स्थापित करने में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण काम के बारे में होगी। इसके बाद इस काम के लिए समर्पित कर्मचारियों के साथ राउंडटेबल चर्चा होगी। एंटी-ब्लैक जातिवाद एक ग्लोबल, राष्ट्रीय और लोकल मुद्दा है। हमें एंटी-ब्लैक जातिवाद को खत्म करने के लिए और कैनेडा में ब्लैक समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले शहरों के, राष्ट्रीय गठबंधन विकसित करने के लिए, पूरे देश

के शहरों के साथ काम करके खुशी हो रही है। यदि हम साथ मिलकर काम करते हैं तो हम बेमिसाल लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। हम ऐसा सिस्टम हैं, जो सिस्टम को बदल सकता है। "

- *गविनेथ चैपमैन (Gwyneth Chapman), सीनियर एडवाइजर, इकोनॉमिक एम्पावरमेंट एंड एंटी-ब्लैक रेसिज़्म, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"टोरोंटो में मुकाबला करने वाली एंटी-ब्लैक इकाई की, केवल स्थापना करना ही जरूरी नहीं था, बल्कि ऐसा तरीका अपनाना भी महत्वपूर्ण था, जिसमें हमने हमारे शहर में, एंटी-ब्लैक जातिवाद पर ध्यान देने और इसे खत्म करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। मुझे खुशी है कि सिटी ऑफ टोरोंटो का स्टाफ, जी.टी.ए. में एंटी-ब्लैक जातिवाद का मुकाबला करने के लिए, ब्रैम्पटन की पहलकदमी में हिस्सा ले रहा है और रीजन के साथ सबसे बढ़िया पद्धतियां साझी कर रहा है ताकि हम सभी, जातिवाद से निपटने के लिए साझा प्रयास करें। मुझे यह देखकर हमेशा गर्व महसूस होता है कि सी.ए.बी.आर. इकाई को इसकी लीडरशिप और मेहनत के लिए मान्यता दी जा रही है क्योंकि वह लगातार हमारी कार्रवाई योजना को लागू कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि टोरोंटो के ब्लैक समुदाय की आवाज़ सुनी जाती है। टोरोंटो, दुनिया में सबसे अधिक विविध शहर है और हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि जातिवाद के लिए हमारे शहर में कोई जगह नहीं है। हमें न केवल शहर में बल्कि रीजन के तौर पर भी साथ मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि हम इस जारी चुनौती पर ध्यान दे सकें। साथ मिलकर हम ब्लैक समुदायों को सशक्त बना सकते हैं और हर किसी के लिए बराबर अवसरों के साथ रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान तैयार कर सकते हैं।"

- *जॉन टोरी (John Tory), मेयर, सिटी ऑफ टोरोंटो*

"प्रांत के तौर पर हमारी ताकत, लोगों के तौर पर हमारी ताकत पर निर्भर करती है। अपने वादों पर खरा उतरने वाला, बेहतर ओनटैरियो बनने के रास्ते के लिए, विस्तृत साझेदारी और मूलभूत लीडरशिप की जरूरत है। हमारी सरकार ऐसा प्रांत बनाने के लिए काम कर रही है, जहां प्रत्येक ओनटैरियो निवासी के पास विकसित होने का बराबर अवसर हो, जहां हर कोई प्रगति कर सके। ओनटैरियो सरकार हमारे सभी साझेदारों का धन्यवाद करती है, जो ब्लैक समुदायों को सशक्त बनाने के लिए, प्रभावी समाधान ढूंढने में मदद के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं।"

- *सिल्विया जोन्स (Sylvia Jones), सॉलिसिटर जनरल एंड मिनिस्टर रिस्पॉन्सिबल फॉर एंटी-रेसिज्म*

"ए.एम.ओ. को, एंटी-जातिवाद और आर्थिक सशक्तिकरण के बारे में सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और सभी समुदायों के प्रयासों में उनकी मदद करके खुशी हो रही है। ऐसा करने के लिए साथ मिलकर काम करना आवश्यक है और बेहद जरूरी कदम है।"

- *पेट्रा वोल्फबीस (Petra Wolfbeiss), डायरेक्टर, मेम्बरशिप सेंटर, एसोसिएशन ऑफ म्युनिसिपल्टीज ऑफ ओनटैरियो*

"यदि हम आर्थिक बंदिशों और एंटी-ब्लैक जातिवाद से नहीं निपटते हैं, तो कैनेडा में ब्लैक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों पर ध्यान नहीं दिया जा सकता। ये चुनौतियां, पीढ़ीगत और प्रणालीगत हैं और इनके लिए स्थिर सहयोगपूर्ण ईकोसिस्टम-स्तर के समाधानों की जरूरत है। आर्थिक और नागरिक भागीदारी के महत्वपूर्ण स्थलों के तौर पर, कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज की भूमिका

अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सब, अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय गठबंधन या म्युनिसिपल्टीज के नेटवर्क के द्वारा एक-दूसरे से कार्रवाईयों के बारे में जानकर और एक-दूसरे को सहयोग करके शुरू होता है।"

- *एमैनुअल मेलेस (Amanuel Melles), एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, नेटवर्क फॉर द एडवांसमेंट ऑफ ब्लैक कम्युनिटीज*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca